# प्रेस नोट दिनाँक 16.04.2021

**(1). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु अभियुक्तों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में गुण्डा गर्दी करने वाले 07 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।**

**(i).** प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री सुभाषचंद्र चौरसिया द्वारा अभियुक्त 1. तुलसी नाई पुत्र मोतीलाल निवासी चमरौंहा 2. झल्लर पुत्र कृपाल कोल निवासी ऊंचाडीह 3. सुनील द्विवेदी पुत्र मेवालाल निवासी चमरौंहा 4. रामकुशल पुत्र मेवालाल 5. छब्बूलाल पुत्र मुकुंदीलाल 6. पुष्पराज उर्फ पिंटू पुत्र प्रेम सिंह निवासीगण ऊंचाहीड थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

**(ii).** प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री सुशीलचंद्र शर्मा द्वारा अभियुक्त दोजेंद्र पुत्र दत्तवृत्त निवासी बांधी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गई।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में कोविड-19 से बचाव हेतु चलाये जा रहे जागरुकता एवं चैकिंग अभियान में दिनाँक 15.04.2021 को जनपद चित्रकूट के समस्त थाना क्षेत्रों में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदेश-निर्देशों के उल्लंघन एवं मास्क न लगाने पर महिला थाना में 04 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 188/269 भादवि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर किये गये। जनपदवासियों से अपील की जाती है कि कोरोना वायरस के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं आदेश-निर्देशों का पालन करें।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री जयशंकर सिंह द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले 04 के विरुद्ध थाना राजापुर में आचार संहिता उल्लंघन के अभियोग पंजीकृत किये गये।

उल्लेखनीय हैं कि कल दिनाँक-15.04.2021 प्रभारी निरीक्षक राजापुर क्षेत्र में भ्रमणशील थी कि एक बिजली के खम्भे में वार्ड नं0 6 के जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्यासी निर्मला देवी पत्नी संतलाल निषाद निवासी भदेदू का पोस्टर लगा था जिसे तत्काल हटवाया गया, तत्पश्चात अगले खम्भे पर देखा तो चिल्लीराकस ग्राम प्रधान पद हेतु श्रीमती नीलम देवी पत्नी नकुल कुमार निवासी चिल्लीराकस का पोस्टर लगा है जिसे तत्काल हटवाया गया। एक बिजली के खम्भे में दीनबन्धु पाण्डेय प्रधान पद प्रत्यासी चिल्लीराकस लगा हुआ पाये जाने पर तत्काल हटवाया गया। महुआ गांव के पास रोड पर वार्ड नम्बर 07 सरधुआ के जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्यासी जानकी देवी पत्नी दीपचन्द्र पाण्डेय बिना अमुमति के अपना प्रचार प्रसार रहे थे एवं पम्पलेट्स बांट रहे थे । उपरोक्त चारों प्रत्यासियों द्वारा किये जाना वाला यह कार्य आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन है इनके विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 171च भादवि के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये।

अपील-

चित्रकूट पुलिस आप सभी से अपील करती है कि किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करें किसी प्रलोभन या लालच में ना आए निर्भीक होकर स्वतंत्ररूप से मतदान करें ।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री अवधेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री जनार्दन प्रताप सिंह तथा उनके हमराही द्वारा मु0अ0सं0 39/21 धारा 354/454/504/506भादवि व 8 पोक्सो एक्ट व 3(1)ध SC/ST Act के वांछित अभियुक्त नीलेश सिंह पुत्र रामकिशोर सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम लठागुठऊपुर थाना पहाडी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 श्री जनार्दन प्रताप सिंह थाना पहाड़ी
2. आरक्षी प्रमोद कुमार यादव

**(5).** उ0प्र0 शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में दिनांक 16.04.2021 को एंटी रोमियो टीम थाना बरगढ़ द्वारा परानू बाबा मन्दिर, बरगढ़ मोड़, कलचिहा आदि स्थानों में, एण्टी रोमियो टीम थाना राजापुर चित्रकूट द्वारा देविनटोला, बेराउर ग्राम में तथा एण्टी रोमियो टीम महिला थाना द्वारा थाना राजापुर अन्तर्गत ग्रामों में भ्रमण कर महिलाओं/ बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने थाना के सीयूजी नम्बर के बारें में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही मास्क लगाने एवं कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु बताते हुये कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक किया गया। एण्टी रोमियों टीम की महिला आरक्षियों द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। एण्टी रोमियो टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं/बालिकाओं से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्याओं के बारें में पूछा गया एवं आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी/एण्टी रोमियों टीम प्रभारी व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर काल करने हेतु कहा गया।

**(6).** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मऊ व क्षेत्राधिकारी राजापुर के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियों ने पुलिस टीम के साथ अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गस्त/रूट मार्च कर ग्रामीणों से जनसंवाद कर निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने हेतु बताया गया। सभी से अपील की गयी कि आदर्श आचार संहिता का पालन करें, अवैध शराब का सेवन बिल्कुल न करें एवं अवैध कार्य करने वालों की सूचना पुलिस को दे।

**(7).** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट के निर्देशन में कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत रखते हुये सीएफओ श्री यतीन्द्रनाथ उमराव के मार्गदर्शन में दिनाँक-16.04.2021 को अग्निशमन की टीमों द्वारा फायर बिग्रेड के माध्यम से पुरानी कोतवाली चौराहा से ट्रैफिक चौराहा तक सड़क के दोनों तरफ, ट्रैफिक चौराहा से धतुराहा चौराहा तक सड़क के दोनों तरफ, कोतवाली तथा एसबीआई बैंक से शंभू पेट्रोल पंप तक सड़क के दोनों तरफ, ट्रैफिक चौराहा से पटेल तिराहे तक सड़क के दोनों तरफ सैनिटाइजेशन का कार्य, ट्रैफिक चौराहा से एलआईसी तिराहा तक सड़क के दोनों तरफ, बस स्टैंड कर्वी, विकास भवन कर्वी, प्रधान डाकघर कर्वी, एसबीआई बैंक व कोतवाली कर्वी जिला न्यायालय परिसर कर्वी परिसर को सेनेटाइज किया गया ।

**(8).** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत दिनाँक-15.04.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में उपजिलाधिकारी राजापुर एवं श्री एस0पी0 सोनकर क्षेत्राधिकारी राजापुर की अध्यक्षता में श्री जयशंकर सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर की उपस्थिति में ग्राम रगौली में, श्री अवधेश कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी द्वारा ग्राम गढ़ौली, पिलखिनी ,ममसी बुजुर्ग में, श्री संजय उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक भरतकूप द्वारा थाना भरतकूप अन्तर्गत ग्राम टिटिहरा में, श्री सुशीलचन्द्र शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा क्षेत्र की ग्राम चर, बसिला, कुई अकबरिया, गढ़वारा में एवं श्री राधाकृष्ण तिवारी चौकी प्रभारी गनीवा द्वारा ग्राम गौहानी कलां एवं हरदौली में प्रत्याशियों एवं जनता के लोगों के साथ चौपाल की गयी । चौपाल के दौरान सभी प्रत्याशियों से आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन करने हेतु बताते हुए मतदाताओं को किसी प्रकार का लोभ-प्रलोभन न देने, शराब, रुपया आदि का वितरण न करने के बारे में हिदायत दी गयी । मतदान व मतगणना के समय किसी के साथ कोई विवाद, धमकी तथा विजय जुलूस न निकालने हेतु हिदायत दी गयी । बिना किसी भेदभाव एवं स्वतंत्ररूप से वोट डालने एवं पूर्णतः कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए मतदान संपन्न कराने हेतु पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी । कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मास्क लगाने, हाथों को समय-समय पर सेनेटाइज करने तथा सोशल डिस्टेन्सिंग बनाए रखने हेतु बताया गया ।

**(9).** आज दिनाँक-15.04.2021 को श्री शुभ्रान्त कुमार शुक्ल जिलाधिकारी चित्रकूट एवं श्री अंकित मित्तल पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा कोरोना के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत कोतवाली कर्वी में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं व्यापारीबंधुओं के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी । जिलाधिकारी महोदय ने व्यापारियों से कहा कि दुकान खोलने का समय निश्चित किया जाए जिस दिन बंदी हो उस दिन पूरी बंदी कराई जाए यह बीमारी खतरनाक है इससे बचना बहुत जरूरी है । पिछले वर्ष की तरह पालन कराया जाए कहा कि 10 बजे के पहले नगर पालिका द्वारा दुकानों को बाहर से सेनेटाइज किया जाएगा दुकानदार अपनी दुकानों के अंदर सैनेटाइज करेंगे यह भी कहा कि एक माहौल बनाकर अगर हम बाजार व्यवस्था कायम करेंगे तो लोग पालन अवश्य करेंगे । शादी विवाह का समय है, इसके साथ ही साथ रमजान का भी त्यौहार पड़ रहा है जिसमें लोग दुकानों पर सामग्री की खरीदारी करेंगे संक्रमण को देखते हुए बाजार कैसे खोलें उसी के अनुसार कार्यों को संपादित करें तभी इस बीमारी से बच सकते हैं कहां की सबसे अधिक बीमारी नगर क्षेत्र में है तो यहां पर अधिक फोकस करने की जरूरत है वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाओं को कैसे बचाना है यह बहुत जरूरी है आप लोग सामूहिक रूप से बाजार में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराएं दुकानों को चलाने में सावधानी बहुत जरूरी है अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए अभी सख्ती करेंगे तो संक्रमण अवश्य रुकेगा बैंकों पर भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि आप लोगों की आज इसलिए बैठक बुलाई गई है कि संक्रमण को कैसे रोका जाए तथा व्यापार भी आप लोगों का बाधित न हो गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी इस कोविड-19 के संकट से निजात पाना होगा कहा कि एक सप्ताह के अंदर काफी संक्रमित मरीज बढ़े हैं । व्यापार के साथ-साथ अपनी जिंदगी भी जरूरी है। इस महामारी को देखते हुए व्यापार मंडल आगे आए कि किस तरह कोरोना की रोकथाम की जा सके कहा कि जब लोग जीवित रहेंगे तो तभी तो दुकान खुलेगी आप लोग सतर्कता बरतने के लिए व्यापारियों के साथ बैठक कर के प्रचार प्रसार करें दुकानों के सामने गोले अवश्य बनाए जाएं सतर्कता व दृढ़ता से कार्य करें मास्क का प्रयोग करें सेंनेटाइजर की व्यवस्था रखें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं ग्राहकों से कराये यह बीमारी बहुत घातक है टेस्ट के बाद भी रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है लेकिन वह व्यक्ति अंदर अंदर इस रोग से ग्रसित हो रहा है कम से कम लोग घरों से निकले आप लोग पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम को लगवा कर कोविड 19 के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराएं। सब्जी मंडियों पर

भी व्यवस्था कराई जा रही है ठेलियों के माध्यम से मोहल्ले पर आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई करयी जाएगी ताकि बाजार में भीड़ न हो । दुकान में बिना मास्क आने वाले ग्राहकों को सामान न दें, मास्क लगाने हेतु बताए।

गोष्ठी में तहसीलदार कर्वी श्री संजय अग्रहरी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री वीरेंद्र त्रिपाठी, श्री दिनेश सिंह पीआरओ एवं व्यापारमण्डल के पदाधिकारी एवं व्यापारीबंधु उपस्थित रहे।

**(10).** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन श्री सुभाषचन्द्र चौरसिया प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर के नेतृत्व में ग्राम गोबरहाई एवं निही में तथा श्री सुशीलचन्द्र शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा के नेतृत्व में ग्राम रामनगर, खजुराह खुर्द, खजुरिहा कलां, कपूरी, नोनमई एवं चहेटा में एवं श्री रमेशचन्द्र प्रभारी निरीक्षक थाना मारकुण्डी द्वारा ग्राम सभा-किहुनिया व डोडामाफी में भ्रमण कर एरिया डोमिनेशन व फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान सभी प्रत्याशियों से आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन करने हेतु बताते हुए मतदाताओं को किसी प्रकार का लोभ-प्रलोभन न देने, शराब, रुपया आदि का वितरण न करने के बारे में हिदायत दी गयी। जनता से निर्भीक होकर बिना किसी के दबाव के स्वतंत्र रूप से मतदान करने हेतु बताया किसी भी प्रकार के अवैध कार्यों की सूचना पुलिस को अवश्य दे। अवैध शराब का सेवन न करने की अपील की तथा आचार संहिता का पालन करने हेतु बताया। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत महोदय द्वारा मास्क का प्रयोग करने, सेनेटाइजर का प्रयोग कर सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करने की अपील की।